हिंदी के स्वीकृत प्रबंध

हिंदी के स्वीकृत प्रबंध

संपादक

कृष्णाचार्य

आर्यावर्त्त प्रकाशन गृह, कलकत्ता-१२

विषय सूची

आमुख

हिंदी का प्रबंध-लेखन : इटली निवासी **एल० पी० टैसीटोरी** (L. P. Tessitori) ने १६१०ई० में फ्लॅरेंस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पेवोलिनी (Pevolini) के निर्देशन में **रामचरितमानस और वाल्मीकि रामायण का तुलनात्मक अध्ययन** मूल इटालियन भाषा में लिखा था. यह प्रबन्ध १६११ ई० में प्रकाशित हुआ. टैसीटोरी ने डॉ० ग्रियर्सन के सुझाव पर इंडियन ऐंटीक्वैरी की ४१-४२वीं जिल्दों (१६१२-१३ई०) में **मानस** और **रामायण** की समानांतर पंक्तियाँ रोमन लिपि में छपाई. इस पत्रिका में अध्ययन भाग नहीं है. टैसीटोरी का यह प्रयास हिंदी साहित्य संबंधी प्रथम ज्ञात प्रबंध है.

जे० एन० कार्पेंटर (J. N. Carpenter) कृत **थियोलॉजी ऑफ तुलसीदास** पर लंदन विश्वविद्यालय ने १६१८ई० में डी० डी० (डॉक्टर ऑफ डिवीनिटी) की उपाधि प्रदान की. इस कृति में ईसाई धर्म की श्रेष्ठता का प्रयत्न आद्योपांत लक्षित है. टैसीटोरी का कार्य शुद्ध साहित्यिक दृष्टि और तुलनात्मक पद्धति पर आश्रित होने के कारण अन्वेषणात्मक है.

यह संयोग की ही बात नहीं है कि हिंदी के प्रथम दो प्रबंध तुलसीदास पर हैं. इस समय से लेकर **१६६२ई०** तक इस महाकवि पर भारतीय विश्वविद्यालयों में २७ प्रबंध लिखे जा चुके हैं. १६५०ई० में पेरिस में भी मानस के साहित्यिक श्रोतों पर काम हुआ था. तुलसी के प्रति अब भी यह आकर्षण इस कवि का अन्यतम महत्व ही सिद्ध करता है. १६३०ई० में मोहिउद्दीन क़ादरी ने **हिंदुस्तानी फॉनेटिक्स** विषय पर लंदन विश्वविद्यालय से पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की. यह पुस्तक आंशिक रूप से १६३०ई० में अंग्रेजी में प्रकाशित हुई.

१६३१ई० में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉ० **बाबूराम** सक्सेना को **इवोल्यूशन ऑफ अवधी** विषय पर डी० लिट्० उपाधि मिली. १६३४ई० में यही सम्मान डॉ० पीतांबरदत्त बड़थ्वाल को हिंदू विश्वविद्यालय ने **निर्गुण स्कूल ऑफ हिंदी पोइट्री** पर दिया. इस प्रकार भारतीय विद्यालयों में हिंदी भाषा और साहित्य पर शोधकार्य की दृष्टि से ये दोनों विश्वविद्यालय अग्रणी हैं. १६३७ से **डॉ० रसाल** द्वारा जो क्रम भारत में चला वह आज तक अक्षुण्ण है.

दिन प्रतिदिन विकसित होता हुआ प्रबंधकार्य इस स्थिति में आ गया है कि प्रतिवर्ष पी-एच० डी० आदि उपाधिधारी अनुसंधित्सुओं का लेखा रखना किसी एक व्यक्ति की सामर्थ्य के बाहर की बात हो गई है. **विश्वविद्यालयानुसार संक्षिप्त प्रबंध–विवरण** से स्पष्ट है कि किस वि० वि० में कब से काम हुआ, कितना हुआ और सन् १९६२ई० तक कितने विश्वविद्यालय इस क्रम में सम्मिलित हो चुके हैं. जहाँ सन् १९४७ई० तक केवल आठ भारतीय विश्वविद्यालयों में यह कार्य होता था, वहाँ अब १९६२ई० तक २५ वि० वि० में अनुसंधान कार्य होने लगा है. सन् १९४९ई० तक देश-विदेश के डॉक्टरों की संख्या ५३ थी. अब कम से कम इतनी संख्या प्रति वर्ष डॉक्टर नाम से सम्मानित होती है.

ग्रंथपुटीय प्रयत्न : यह स्वाभाविक ही है कि हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में यथासमय प्रबंध-ग्रंथों (प्रकाशित-अप्रकाशित) का लेखा-जोखा होता रहे, या विद्वानों का ध्यान इधर जाय. **नागरी प्रचारिणी पत्रिका**, वाराणसी और **हिंदी अनुशीलन**, इलाहाबाद द्वारा विश्वविद्यालय क्रम से प्रबंध-सूची प्रकाशित करने का प्रयत्न समय-समय पर हुआ था. किंतु यह कार्य जिस गति से हुआ उस गति से यह पत्रिकाएँ आवश्यक सूचनाएँ यथासमय संकलित न कर सकीं. इधर पिछले दस वर्षों में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना से तथा पुराने वि० वि० के हिंदी विभागों में अनुसंधान की प्रवृत्ति अधिक जागृत होने पर यह काम और भी श्रम-साध्य हो गया है.

इस ओर ध्यान देने वाले व्यक्तियों में डॉ० उदयभानु सिंह का नाम सबसे पहले लिया जा सकता है. १३ अप्रैल १९५८ई० के साप्ताहिक हिन्दुस्तान में डॉ० सिंह कृत १९१८ई० से लेकर १९५७ई० तक के प्रबंधों की सूची प्रकाशित हुई थी. इस सूची द्वारा पहली बार प्रबंध-कार्य की स्थूल रूपरेखा सामने आई. किन्तु इस सूची में प्रकाशित-अप्रकाशित ग्रंथों का संकेत नहीं था और विषय विशेष पर हुए कार्य की झलक भी एकत्रित रूप में प्रस्तुत न थी. प्रस्तुत आमुख लेखक ने **नागरी प्रचारिणी पत्रिका** के २०१५ वि० सं० के दूसरे अंक में विषय-क्रम देकर यह अभाव दूर करने का प्रयत्न किया था. १९५९ई० में डॉ० सिंह कृत '**हिंदी के स्वीकृत शोध-प्रबंध** पुस्तक (नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली) प्रकाश में आई. ३५२ पृष्ठ की इस पुस्तक में डॉ० सिंह ने १९१८ई० से १९५८ई० तक के स्वीकृत प्रबंधों की विषय-सार (Synopsis) सहित सूची और पुस्तक के अंत में विश्वविद्यालय क्रम से भी प्रबंध-सूची हिंदी जगत् को भेंट की.

किसी भी भारतीय भाषा और साहित्य के क्षेत्र में संभवतः यह प्रथम अभि-नंदनीय प्रयत्न है. किन्तु **संदर्भ ग्रंथ** की दृष्टि से इस पुस्तक में खटकने वाली एक त्रुटि रह गई. प्रबंध कार्य में लगे व्यक्ति का उद्देश्य, या कहिये प्राथमिक उद्देश्य अपने विषय की जानकारी प्राप्त करना होता है. उदाहरणार्थ, तुलसी पर कितना काम हुआ ? या आधुनिक काव्य की किन विधाओं का मन्थन हुआ ?—जैसी जिज्ञासाओं की निवृत्ति इस ग्रंथ से नहीं हो पाई. पुस्तक के अंत में लेखक-शीर्षक अनुक्रमणिका का भी अपना उपयोग है. ग्रंथालयों में सेवाकार्य का योग होने से स्पष्ट हुआ कि ना० प्र० पत्रिका में प्राप्त वर्गीकृत सूची से पाठकों ने पर्याप्त लाभ उठाया. अतः मेरा उत्साह जिस रूप में बढ़ा, उसके परिणाम स्वरूप यह ग्रंथपुटी (Bibliography).

भारतीय विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में जिस गति और विविधता से कार्य हो रहा है, उससे यह कल्पना करना कठिन नहीं है कि अब इस प्रकार की अपटूडेट सूचियाँ बनाने का कार्य व्यक्ति-विशेष की परिधि में आने का नहीं है. **अनुसंधान और आलोचना** (१९६१) में डॉ० नगेंद्र ने और **अनुसंधान का विवेचन** (१९६२) में डॉ० उदयभानु सिंह ने उचित ही कहा है कि अब किसी अनुसंधान परिषद् जैसी केंद्रीय संस्था द्वारा ही यह कार्य हो सकता है. ऐसी संस्था ही प्रति वर्ष अनु-संधान-कार्य के विवरण उपस्थित कर सकती है, और पुनः ये विवरण पंच-वर्षीय सूची के रूप में प्रकाशित किये जा सकते हैं. **इंटर यूनिवर्सिटी बोर्ड** ने स्वीकृत विषयों को लेकर कुछ वर्ष के विवरण छपाए थे. यह सिलसिला भी अपेक्षित रूप में चलता दिखाई न दिया. विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक **विश्वविद्यालय अनुदान समिति** (यू० जी० सी०) से अनुदान लेकर किसी केंद्रीय वि० वि० में इस कार्य को संपादित करा सकते हैं, या **अखिल भारतीय हिंदी परिषद्** भी मार्ग-प्रदर्शन कर सकती है.

अप्रकाशित प्रबंधों की समस्याएँ : और भी कई समस्याएँ हैं. विश्वास करना चाहिये कि वि० वि० में कार्य करने वाले प्राध्यापकों का ध्यान अप्र-काशित प्रबंधों को सुरक्षित करने तथा इस क्षेत्र में कार्य करने वाले अनु-संधित्सुओं द्वारा उनके उपयोग की दृष्टि से अवश्य गया होगा. अ० भा० हिंदी परिषद् जैसी संस्था इस समस्या का समाधान 'भारतीय विश्वविद्यालय' स्तर पर कर सकती है. जब कभी हिंदी के क्षेत्र में अनुसंधानकार्य का इतिहास वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत करने की बात सामने आएगी तब भारी निराशा हाथ लग सकती है. अभी अभी यह स्थिति है कि

श्री मोतीलाल मेनारिया का प्रबंध श्री उदयभानु सिंह के मत से पुरातत्त्व का विषय बन गया है. विद्वानों के मत देकर निष्कर्ष निकाला गया कि अमुक विषय पर श्री मेनारिया जी ने डॉ० की उपाधि प्राप्त की.[1] इसी प्रकार डॉ० सिंह श्री जनार्दन मिश्र के प्रबंध **रिलीजस पोइट्री ऑफ सूरदास** के प्रकाशित होने का विवरण पाने में असमर्थ रहे. इस पुस्तक की एक प्रति मैंने स्वयं डॉ० सत्येंद्र के पास मथुरा में सन् १९३३-३४ई० में देखी थी. आगरा से (हिंदी इंस्टिट्यूट) श्री उदयशंकर शास्त्री ने पुस्तक देख कर मुझे आवश्यक विवरण भेजे. बाद में मैंने कलकत्ता वि० वि० में हिंदी विभाग के अध्यक्ष श्री कल्याणमल लोढ़ा के पास एक प्रति देख कर अपनी स्मृति सद्य की. श्री **एफ० ई० के** कृत **कबीर ऐंड हिज फॉलोअर्स** भी अप्राप्य समझी जाती है.[2] इस पुस्तक की एक प्रति कलकत्ता के राष्ट्रीय ग्रंथालय में है. मैं निश्चय नहीं कर पाया कि शुद्ध रूप डॉ० व्रजेश्वर वर्मा है कि ब्रजेश्वर वर्मा. डॉ० सिंह ने 'ब्रजेश्वर' रूप टाँका है तो 'हिंदी अनुशीलन' (नवं०-दिसं०-१९६२ का अंक) ने व्रजेश्वर वर्मा. जैसा कि डॉ० सिंह ने भी कहा है कि कुछ वि० वि० से उन्हीं के प्रबंध-ग्रंथों का विवरण नहीं मिला. कलकत्ता वि० वि० के अध्यक्ष श्री कल्याणमल लोढ़ा ने बतलाया कि कलकत्ता वि० वि० से श्री 'शिवनंदन पांडेय' कृत 'भारतीय नाटक का उद्भव और विकास' प्रबंध का पता नहीं लगा. मैंने हिंदी अनुशीलन और डॉ० सिंह को ही प्रमाण मान कर प्रविष्टि बना दी है. आगरा वि० वि० से प्राप्त मुद्रित प्रबंध-सूची के अनुसार डॉ० नगेंद्र को डी० लिट्० उपाधि से १९४९ में विभूषित किया गया. पंजाब वि० वि० के एक दुर्गादत्तजी मैनन हैं या मन्नन ! मुझे वि० वि० से प्राप्त सूची में मन्ननजी मिले. इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि तथ्य के अनुसंधान में कितनी बाधाएँ हैं और कालांतर में वह कितनी जटिल हो सकती है ? अप्रकाशित प्रबंधों की अधिकृत सूची संपादन करने के अनंतर ये सब भ्रम निराकृत किये जा सकते हैं.

अच्छा हो यदि श्री पी० डी० रेकार्ड कृत A Survey of Thesis literature in British libraries(1950) जैसी संदर्भ पुस्तक द्वारा अप्रकाशित प्रबंधों का विवरण पुस्तिका रूप में प्रस्तुत कर दिया जाय. उपर्युक्त पुस्तिका ब्रिटेन की **लाइब्रेरी एसोसिएशन** ने प्रकाशित की है. इस

1. हिंदी के स्वीकृत शोध-प्रबंध, २रा सं० १९६३, पृ० १०९.

2. वही—२रा सं०, पृ० ५.

पुस्तिका में ब्रिटिश पुस्तकालयों में सुरक्षित मूल प्रबंध–ग्रंथों के संबंध में निम्नांकित संकेत दिए गए हैं.

१. प्रबंध-ग्रंथ किस उपाधि के लिए हैं और किन वि० वि० पुस्तकालयों में या विभाग विशेष में सुरक्षित हैं?

२. इनका उपयोग किस स्थिति में किया जा सकता है ?

३. क्या वि० वि० ने प्रबंध-ग्रंथों की सूची और प्रबंध का कोई अंश प्रकाशित किया है; किया है तो कहाँ ?

४. प्रबंध-ग्रंथों का पता लगाने (Location of work) के लिये वि० वि० ने क्या साधन प्रस्तुत किये हैं ?

५. क्या इन ग्रंथों को किसी अन्य वि० वि० या किसी संस्था के उपयोगार्थ दिया जा सकता है ?

६. क्या इनकी माइक्रोफिल्म प्रति बनाई जा सकती है ?

बीस पृष्ठों के इस मुद्रित निबंध में प्रबंध-ग्रंथों की सूची नहीं है. इससे तो इतना ही पता लगता है कि ग्रेट-ब्रिटेन के किन पुस्तकालयों या संस्थाओं में इस प्रकार के ग्रंथों को रखने, उनके उपयोग आदि की व्यवस्था है. किंतु मात्र इतनी व्यवस्था से काम नहीं चलने का. किसी केंद्रीय संस्था को अप्रकाशित ग्रंथों की सूची बनवानी चाहिए और उपयोगी सामग्री प्रकाश में लाने की व्यवस्था भी आवश्यक है.

प्रबंधशास्त्रीय साहित्य : यह संतोष का विषय है कि वि० वि० में अनुसंधान कार्य के विस्तार के साथ साथ उसके सिद्धान्त पक्ष पर भी साहित्य प्रकाशित होने लगा है. निम्नांकित साहित्य पर्याप्त विचारोत्तेजक और पथ-प्रदर्शक के रूप में सामने आचुका है :—

सावित्री सिन्हा, संपा०
अनुसंधान का स्वरूप. दिल्ली, आतमाराम, १९५४.

विश्वनाथ प्रसाद, संपा०
अनुसंधान के मूलतत्त्व. आगरा, क० मुं० हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, १९५९.

सावित्री सिन्हा और विजयेंद्र स्नातक, संपा०
अनुसंधान की प्रक्रिया. दिल्ली, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, १९६०.

उदयभानु सिंह
अनुसंधान का विवेचन. दिल्ली-पटना, हिंदी साहित्य संसार, १९६२.

अनुसंधान का स्वरूप के १४ निबंधों की सामग्री इस प्रकार है :- विश्वेश्वर प्रसाद : ऐतिहासिक खोज की रूपरेखा; धीरेंद्र वर्मा : खोज संबंधी कुछ अनुभव तथा समस्याएँ; ह० प्र० द्विवेदी : हिंदी में शोध-कार्य ; गुलाबराय : अनुसंधान का स्वरूप और उसके विविध क्षेत्र; परशुराम चतुर्वेदी : आलोचना और अनुसंधान; ललिताप्रसाद सुकुल : अनुसंधान का स्वरूप ; विनयमोहन शर्मा : अनुसंधान की प्रारंभिक बातें ; माताप्रसाद गुप्त : हिंदी में पाठानुसंधान ; भगीरथ मिश्र और सत्येंद्र : अनुसंधान का स्वरूप (२ लेख) ; हरवंशलाल शर्मा : हिंदी में अनुसंधान कार्य ; नगेंद्र : अनुसंधान का स्वरूप ; उदयभानु सिंह : हिंदी अनुसंधान की प्रगति.

अनुसंधान के मूलतत्त्व के १२ निबंधों की सामग्री इस प्रकार है :— विश्वनाथ प्रसाद : प्राक्कथन, अनुसंधान के सिद्धांत ; सत्येंद्र : अनुसंधान के सामान्य तत्त्व ; रामकृष्ण गणेश हर्षे : अनुसंधान की तैयारी ; प्रभातकुमार बनर्जी : पुस्तकालय का उपयोग ; उदयशंकर शास्त्री : हस्तलिखित ग्रंथ और उनका उपयोग, शिलालेख और उनका वाचन ; सत्येंद्र : हस्तलिखित ग्रंथो का उपयोग ; रमानाथ सहाय : पुस्तकाध्ययन तथा सामग्री निबंधन ; सत्येंद्र : रेखांकन-चित्रण तथा रूपरेखा विधान ; राधेश्याम त्रिपाठी: डिंगल का गद्य साहित्य.

अनुसंधान की प्रक्रिया के १२ भाषणों की सामग्री इस प्रकार है :— हरवंशलाल शर्मा और सत्येंद्र : अनुसंधान की प्रगति (दो लेख) ; नगेंद्र : अनुसंधान और आलोचना ; दीनदयालु गुप्त : हिंदी साहित्यिक अनुसंधान के प्रकार ; नंददुलारे वाजपेयी और भागीरथ मिश्र : विषय-निर्वाचन (दो-लेख) ; ह० प्र० द्विवेदी : शोध-सामग्री ; माताप्रसाद गुप्त : पाठानुसंधान ; विश्वनाथ प्रसाद : भाषा वैज्ञानिक अनुसंधान ; ए० चंद्रशेखर : भारत में भाषावैज्ञानिक अध्ययन ; ताराचंद : इतिहास और साहित्य ; राजबली पांडेय : अनुवाद की प्रक्रिया और प्रविधि.

अनुसंधान का विवेचन के आठ भागों में सामग्री इस प्रकार है :— अनुसंधान का स्वरूप, प्रयोजन और अधिकारी, विषय-निर्वाचन, प्रबंध की तैयारी, उद्धरण, संदर्भोल्लेख, अनुसंधान-योजना और हिंदी अनुसंधान की प्रगति. पुस्तक के दूसरे भाग में स्वीकृत विषय-सूची के अंतर्गत २१ वर्गीकृत विभागों में स्वीकृत प्रबंध और स्वीकृत विषय पर सम्मिलित सूची दे दी गई है . इस सूची में विषय और वि० वि० का ही संकेत मात्र है. इस प्रकार एक ही व्यक्ति द्वारा इस विषय पर लिखी संभवत: यह पहली पुस्तक है.

यों ढूँढ़ने पर इस विषय पर कुछ निबंध भी मिल जायँगे. सन् १९६१ में डॉ० विनयमोहन शर्मा कृत **साहित्य, शोध, समीक्षा** (भारती साहित्य मंदिर, दिल्ली) और डॉ० नगेंद्र कृत **अनुसंधान और आलोचना** (नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली) में भी दो-तीन निबंध हैं.

वर्गीकरण संबंधी समस्याएँ :—संभवत: इस तथ्य पर किसी को मतभेद की गुंजाइश न होगी कि प्रबंध-ग्रंथों (मुद्रित-अमुद्रित) के ग्रंथपुटीय प्रयत्न वर्गीकृत ही होने चाहिये. वर्गीकरण के आधार पर मतों का भेद हो सकता है. किन्तु इस समस्या की जटिलता मात्र इस दृष्टि से सीमित की जा सकता है कि वर्गीकरण प्राप्त या उपलब्ध सामग्री का हो, न कि पहले सिद्धान्त गढ़ लिये जायँ—उन वर्गों में ग्रंथ बैठा देने के लिये.

अनुसंधान की प्रक्रिया में डॉ० हरवंशलाल और डॉ० सत्येंद्र ने वर्गीकरण इस प्रकार किया है :—

डॉ० हरवंशलाल	डॉ० सत्येन्द्र
१. धर्म, दर्शन, संप्रदाय, इतिहास, समाज एवं संस्कृति-	१. साहित्य-सामान्य,
	२. व्यक्ति, ३. गद्य-सामान्य,
२. विशेष धारा या प्रवृत्ति	४. उपन्यास ५. नाटक,
३. विशेष कवि, लेखक या ग्रंथ	६. कहानी,
४. पंथ-संप्रदाय-युग विशेष के साहित्यकार	७. कथा साहित्य,
५. पृष्ठभूमि, विकास, परंपरा-प्रभाव	८. निबंध,
६. काव्य-रूप	९. जीवनी
७. काव्य-शास्त्र	१०. गद्य काव्य,
८. साहित्य का इतिहास संबंधी वर्ग	११. आलोचना,
९. ग्रंथ की भाषा और भाषा विज्ञान	१२. समाचार-पत्र,
१०. ग्रंथ संपादन	१३. साहित्य शास्त्र

डॉ० सत्येंद्र के वर्गीकरण का आधार ८७ प्रबंध हैं; डॉ० लाल का आधार **सिद्धांत** और **ग्रंथ** का संमिश्रण है. इस कारण इसमें पुनरुक्ति आभासित है. ग्रंथों में ज्ञान मिश्रित रूप में रहता है, अत: कहीं-कहीं पुनरुक्ति अनिवार्य रूप से दूर नहीं की जा सकती. उदाहरण के लिए दो साहित्यों के उपन्यासों की तुलना को तुलना वर्ग में रखना चाहिये या क्रमश: साहित्य और उपन्यास वर्ग में? प्रस्तुत ग्रंथपुटी में उपन्यासों की तुलना को उपन्यास

वर्ग के साथ और काव्य संबंधी तुलना को मुख्य काव्य-वर्ग के अंतर्गत काव्यों की तुलना नाम से स्वतंत्र उपवर्ग में रखा गया है. सावधानी से काम लेने पर भी कुछ वर्गों का निर्माण इस रूप में न हो सका. ग्रंथ-संपादन या पाठ-भेद संबंधी वर्ग भी बनता है. किन्तु कुछ कठिनाई भी थी. तुलसी, जायसी, कबीर आदि पर पाठ-संपादन संबंधी कार्य हुए हैं. यह जँचा नहीं कि **साहित्यकार वर्ग** से तुलसी, जायसी, कबीर के पाठ-संबंधी ग्रंथों को प्रथक् कर अलग वर्ग बना दिया जाय. किंतु अनुशीलनकर्त्ताओं के सुभीते के लिये वर्गानुक्रम में पाठ-भेद संबंधी प्रविष्टियों का संकेत दे दिया गया है और एक से जँचने वाले वर्गों के संबंध में यथा-स्थान आन्तर-संदर्भ (Cross reference) की व्यवस्था कर दी गई है. इधर डॉ० उदयभानु सिंह कृत **हिंदी के स्वीकृत शोध-प्रबंध** का द्वितीय संस्करण भी प्रकाशित हो गया है. इस संस्करण में डॉ० सिंह ने सौभाग्य से स्थूल वर्गीकृत सूची भी लगा दी है. अपनी ग्रंथपुटी में संमिलित ५३६ प्रविष्टियों का वर्गीकरण उन्होंने इस प्रकार किया है :

नाटक	कथा-साहित्य
पाठानुसंधान	निबंध और आलोचना
भाषा संबंधी अध्ययन	इतिहास-विकास
विशिष्ट साहित्यकार और रचना	संप्रदाय और पंथ समुदाय विशेष
काव्यशास्त्र और काव्य-सिद्धांतों का प्रयोग	सामाजिक सांस्कृतिक अध्ययन
कविता-सामान्य	लोकसाहित्य,लोक संस्कृति . . .
,, प्राचीनकाल	नारियों का योगदान और नारी-चित्रण
,, आधुनिककाल (सामान्य)	तुलनात्मक अध्ययन
,, ,, ,,	प्रकीर्ण प्रभाव निरूपक विषय
गद्य, गद्यशैली और गद्य-काव्य	

डॉ० सिंह कृत प्राय: सब वर्गों का अंतर्भाव प्रस्तुत ग्रंथपुटी में हो गया है. पाठानुसंधान के अलावा इस पुस्तक में काव्य या इतिहास को ऐतिहासिक क्रम से प्राचीन और नवीन रूप में वर्गबद्ध नहीं किया गया है. आधुनिक काव्य का वर्ग अवश्य अलग है. एक ही ग्रंथ से वर्ग बनाने की प्रवृत्ति से बचने की चेष्टा की गई है. ऐसे ग्रंथों को **विविध** वर्ग के अंतर्गत रख दिया गया है.

प्रस्तुत पुस्तक में वर्गीकरण क्रम पर कुछ विस्तार से लिखना आवश्यक समझा गया है. अब हिंदी में शोध कार्य पर विवेचनात्मक और ग्रंथपुटीय

ग्रंथों का प्रणयन होने लगा है. अतः अब आवश्यक है कि वर्गीकरण-क्रम पर भी सुधी विद्वानों का ध्यान, विशेषकर प्राध्यापक वर्ग का ध्यान लगे. सन् १९६३ई० के अंत तक हिंदी में ६२५ से अधिक डॉक्टर होंगे. प्रति-वर्ष यह संख्या कम से कम ५०–६० डॉ० क्रम से बढ़ेगी. अतः इस समय सुव्यवस्थित वर्गक्रम निश्चित करने से, अनुशीलनकर्त्ता, प्राध्यापक, ग्रंथपुटीकार आदि के कार्य में सुविधा होगी और एकरूपता भी रहेगी.

अंग्रेजी में उपलब्ध कुछ उपयोगी ग्रंथ : योरप की कई समृद्ध भाषाओं में अनुसंधान संबंधी विपुल साहित्य है. भारत में योरप की भाषाओं में से अंग्रेजी भाषा प्रमुख रूप से शासन और शिक्षा की भाषा रही है, अतः पादटिप्पणी में कुछ अंग्रेजी पुस्तकों का संकेत दे दिया गया है.[1]

श्री कोलकृत मैनुअल अमेरिका में अपने विषय की पाठ्यपुस्तक की तरह उपयोग में आता है. इसके तीन अध्यायों में व्यवहार में आने वाली प्रक्रिया का उदाहरण सहित निर्देशन है. अन्य दोनों पुस्तकें भी शोध-कार्य की लेखन–प्रक्रिया से संबद्ध हैं. हिंदी में इस प्रकार का कुछ काम हुआ है. किंतु इतना कुछ पर्याप्त नहीं है. अब आवश्यकता है कि **अंग विशेष** पर भी कार्य हो. पाठानुसंधान को ही लें. इसका शास्त्रीय विवेचन होना बाकी है. सबसे पहले महाभारत संबंधी संपादन कार्य को लेकर पूना में कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य हुआ था. किन्तु यह पुस्तक अंग्रेजी में है.[2] इस पुस्तक का अनुवाद भी उपयोगी होगा. डॉ० माताप्रसाद, श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, डॉ० सत्येंद्र, डॉ० पारसनाथ आदि ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है. किन्तु आज भी पाठानुसंधान के सामान्य सिद्धांत, नियम और अनुशासन पर कोई पाठ्य-पुस्तक नहीं है. हिंदी में, विशेषकर राजस्थानी, अवधी, ब्रज और मैथिली में पांडुलिपियों

1(a) Campbell William Giles : Form and style in thesis writing, new ed. Boston, Houghton Mifflin Company 1954.

(b) Cole, Arthar H. : A manual of thesis-writing, 6th ed. New York, John Ville and Sons., 1951.

(c) Turabian, Kate L. : A manual for writers of term papers, theses and dissertations. 10th ed. Chicago, Chicago University press, 1960.

2(a) Katre, S. M. : Introduction to Indian textrual Criticism, 2nd ed., 1954.

(b) Sukthankar, V. S. : Critical studies in MB., 1944.

का भंडार भरा पड़ा है. इस दृष्टि से यह शास्त्र अब उपेक्षा के गर्त्तसे निकल कर संलग्नता के समतल पर आना चाहिए.

योरप में प्रबंध-लेखन

भारतीय अनुसंधान-केंद्रों में ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ ज्ञानोपलब्धि की परंपरा योरप से प्राप्त हुई है. १८५७ई० में कलकत्ता, बंबई और मद्रास में अंग्रेज शासकों ने विश्वविद्यालयों की स्थापना की. हिंदी क्षेत्र में सर्वप्रथम १८८७ई० में इलाहाबाद विश्वविद्यालय बना. पुनः विश्वविद्यालयों का विस्तार होता ही गया. परिणाम स्वरूप आज भारत में (१९६२ई० तक) ५३ विश्वविद्यालय हैं. यह अत्यन्त उपयोगी और स्फूर्तिदायक बात होगी कि भारत में विज्ञान, समाज विज्ञान (Humanities) और साहित्य के क्षेत्र में हुए आरंभ से आज तक के शोध-कार्य का लेखा जोखा हिंदी में प्रस्तुत कर दिया जाय.

इस ग्रंथपुटी की सामग्री एकत्रित करने के समय योरपीय विश्वविद्यालयों के तत्संबंधी इतिहास जानने की इच्छा जगी थी. इस पुस्तक के छपने तक जो जानकारी प्राप्त हुई, वह संक्षेप में इस प्रकार है :—

श्री पॉल फार्मर ने मार्गरेट क्लेप द्वारा संपादित **द मॉडर्न यूनिवर्सिटी**[1] पुस्तक में योरपीय वि० वि० की तीन विचार-धाराओं की चर्चा इस रूप में स्पष्ट की है :—

१. वि० वि० राज्य की छत्रछाया में ही पनप सकते हैं.

२. वि० वि० से ही राष्ट्र की आत्मा व्यक्त हो सकती है.

३. वि० वि० का प्रधान कार्य ज्ञान-वृद्धि है, मात्र ज्ञान-दान नहीं.

श्री फार्मर तथा अन्य योरपीय विद्वानों की सर्वमान्य स्थापना है कि योरप में वैज्ञानक ढंग से ज्ञानवृद्धि की परंपरा को जन्म देने वाली भूमि जर्मनी है. यहाँ हाले (१६९४), गॉटिंजेन (१७३४) वि० वि० में और प्रुशिया के बर्लिन (१८१०), ब्रेसलाओ (१८११) और बोन (१८१८) वि० वि० प्रोटेस्टेंट आंदोलन के प्रभाव में जन्मे और बढ़े. फ्रांस में १७-१८वीं शती तक वि० वि० की जो साँस अवरुद्ध थी, उसे नेपोलियन ने १८०६ ई०

1. द मॉडर्न यूनिवर्सिटी (१९५०).

में Universite de France को जन्म देकर कुछ गति दी. फ्रांस से अधिक राज्याश्रय मिला रूस में. १७५५ई० में रानी एलीजाबेथ ने मास्को वि० वि० खड़ा किया और अलेक्जेंडर प्रथम ने खारकोव (१८०४), कज़ान (१८०४) और सेंटपीटर्सबर्ग (१८१६) वि० वि० बनवाए.[1]

रूस ने वि० वि० स्थापना की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय भावना को जागृत करने का उद्देश्य सामने रक्खा. रूस के सम्राट् और कुछ विद्वान् भी अनुभव करते थे कि उनका देश कांटीनेंटल योरप से कला-विज्ञान-शिक्षा में पिछड़ा हुआ है. इस प्रवृत्ति या विचारधारा को विशेष गति जर्मनी में मिली. जर्मनी में एक विशेषता थी—वह यह कि विभिन्न राज्यों के विद्वान् और विद्यार्थी जाति-रंग भेद से हट और मिलजुल कर ज्ञानार्जन का वातावरण बनाने में सबसे आगे आये. ये वि० वि० श्रेष्ठ प्राध्यापक ही नहीं, वरन् श्रेष्ठ राज्य कर्मचारी का निर्माण करने में आत्मसंतोष का अनुभव करने लगे. सेना के लिये अच्छे योद्धाओं को भी किसी न किसी वि० वि० से ही खोज निकाला जाता. अठारहवीं शती के हाले और गाटिंजेन वि० वि० में यह विचारधारा अधिक प्रश्रय पाने लगी कि वि० वि० मुख्यतः ज्ञानवृद्धि के केंद्र हैं. १८५०ई० के लगभग ज्ञानवृद्धि का सिद्धांत जर्मन वि० वि० का सर्वमान्य शील बन चुका था. १६००ई० के आसपास योरप के वि० वि० भी इस विचार के कायल होने लगे.[2] विज्ञान के क्षेत्र में प्रयुक्त गवेषणा की प्रवृत्ति को जर्मन जाति ने धार्मिक जोश की तरह अपनाया. सामंती प्रतिष्ठा धीरे-धीरे औद्योगिक क्रांति से पल्लवित समृद्धि और प्रतिष्ठा में रूपांतरित हो रही थी. ऐसी स्थिति में बुद्धिजीवी समाज वि० वि० जैसे संस्थानों से प्राप्त प्रतिष्ठा से तृप्त होता था. राष्ट्रीय गौरव के साथ-साथ सार्वभौमिक त्राण (Refuge) जैसे राजनीतिक कार्य को भी यह वि० वि० सांस्कृतिक छाया से मंडित करने लगे. यहाँ विद्वान् वह नहीं था जो रेनेसाँ की बहुमुखी ज्ञान-प्रतिभा का परिचय देता था, वरन् वह था जो ज्ञान विशेष की किसी भी शाखा पर संपूर्ण रूप से अधिकार रखता था, या जिसने शाखा विशेष में कोई स्थापना की हो.[2]

1. मॉडर्न यूनिवर्सिटी, पृ० १२

2 This century also brought forth the view of the university as an institution dedicated to a search to widen the bounds of knowledge rather than merely to preserve it. It was in this respect that the German Universities won their undisputed preeminence in the nineteenth century—*The modern university*, p. 16.

इंगलैंड की परंपरा : मि० गिलिस्पी ने सर विलियम हैमिल्टन को उद्धृत कर अपनी यह धारणा पुष्ट की है कि इंगलैंड में ऑक्सफोर्ड या कैंब्रिज ने वि० वि० के संबंध में कोई विचारधारा नहीं दी.[1]

१८७०ई० से पूर्व वि० वि० को यहाँ ज्ञानवृद्धि का केंद्र नहीं माना जाता था. ऐसी स्थापनाओं का खंडन ही होता रहता था. किन्तु Devonshire Commission (१८७३) ने संभवत: पहली बार माना कि वि० वि० को ज्ञानवृद्धि की ओर ध्यान देना ही चाहिये.[2] इस देश में डॉक्टर उपाधि का समारंभ १६००ई० के आगे-पीछे से हुआ. विदेशी विद्यार्थियों को आकर्षित करने की दृष्टि से इस पद्धति का अवलंबन विशेष रूप से किया गया. ऑक्सफोर्ड इस समय के बहुत दिनों के बाद तक भी जीवन-पद्धति के विकास का उद्देश्य सामने रख कर चला. बुद्धि, सामाजिकता, नीतिप्रवणता, यहाँ तक कि ब्रिटिशपन की प्रवृत्ति जगाने में इन वि० वि० ने अधिक योगदान किया.[3] १८५४ई० में ई० बी० पुसी (Pusey) ने जो कुछ बल देकर कहा था, वही यहाँ के जीवन का आदर्श बना रहा :

'विश्वविद्यालय का उद्देश्य नैतिक और बौद्धिक अनुशासन प्राप्त करना है. वि० वि० का विशेष कार्य विज्ञान की प्रगति करना या आविष्कार करना नहीं, मानसिक रूप से दार्शनिक विचारधारा उत्पन्न करना नहीं, विश्लेषण की नई पद्धतियों का पता लगाना नहीं, नई औषधि बनाना नहीं है—उनका काम नैतिक, धार्मिक और बौद्धिक रूप से मानव का विकास करना है. . . .अंग्रेज के बौद्धिक चरित का ढाँचा, पक्का, ठोस, सुदृढ़, विचार-पूर्ण और अनुशासित न्याय है, विश्वविद्यालय को बौद्धिक शक्ति गृह (Forcing house) का रूप देना हमारे लिये बुद्धि–विपर्यय (Perversion) से अधिक और कुछ नहीं है.'

इस प्रकार उन्नीसवीं शती के मध्य तक ब्रिटिश जाति के मत से ज्ञान-वृद्धि का कार्य उनके वि० वि० का नहीं था !

1. England is the only christian country, where the Parson, if he reaches the university at all, receives the same minimum of theological tuition as the squire.;—the only civilized country, where the degree, ... is conferred without either instruction or examination :—the only country in the world, where the physician is turned loose upon the society, with extraordinary and odious privileges, but without professional education, or even the slightest guarentee for his skill.—*The Modern University, p.28.*

2. वही—पृ० ४८. 3. वही—पृ० ५३.

अमेरिका में : अमेरिका का प्रथम वि० वि० (Pennsylvania) १७७६ में स्थापित हुआ. पुनः हारवर्ड (१७८०), न्यूयार्क (१७८४), जार्जिया (१७८५), और नॉर्थ कॉरोलीना (१७८६) वि० वि० स्थापित हुए. जैफर्सन तथा अन्य कई शिक्षा-प्रेमियों के सदुद्योग से बर्जीनिया (१८२०) वि० वि० बना. अमेरिका के शिक्षा विशारदों के मत से वि० वि० निर्माण संबंधी तीसरी लहर १८६५-१८७६ई० में आई. संख्या बल होते हुए भी यहाँ महाशय पियर्सन को लिखना पड़ा था कि उन्नीसवीं शती के अंत तक अमेरिका ने एक भी अमेरिकन टाइप (No single American Type) वि० वि० का निर्माण नहीं किया. उनके मत से यह प्रयत्न और असफलता का समय था. यह समय वि० वि० के उन मूल तत्वों को खोजने में बीत गया जिनके सहारे विशिष्ट वि० वि० के निर्माण की बात बनती है. अमेरिका और इंगलैड में वि० वि० की समस्या सृजन की समस्या थी, कहीं से कुछ लाकर मोड़ देने की नहीं.[1]

अपेक्षाकृत नए राष्ट्र अमेरिका में शिक्षा-प्रसार की तीन प्रबल लहरों से उच्च शिक्षा की प्रेरणा आंदोलित हुई. पहली लहर में चर्च-सुधार (Reformation) के समय इंगलैंड की प्रौटेस्टेंट विचार-धारा के अनुसार कुछ कॉलेज खड़े किये गये. ये शिक्षा केन्द्र ही वि० वि० की तरह उपाधियाँ देने के अधिकारी थे. दूसरी लहर में—अठारहवीं शती के मध्य स्कॉट और फ्रैंच जाति के विद्वान् दार्शनिक संस्थाओं और अकादेमियों द्वारा ज्ञान-विज्ञान के प्रसार का संदेश लाए. इस प्रकार की संस्थाओं ने खोजकार्य में प्रेरणा देने और विद्वानों को प्रतिष्ठा देने में महत्वपूर्ण योग दिया. किन्तु सबसे अधिक स्थायी और व्यापक प्रभाव सन् १८१५-१८७६ई० के बीच जर्मन-शिक्षा-प्रणाली द्वारा व्यक्त हुआ. यह विचार व्यापक रूप धारण करने लगा कि किसान-कारीगरों की शिक्षा का स्तर पर्याप्त ऊँचा उठ सकता है, कि व्यावसायिक उपयोगिता के साथ उच्च शिक्षा का भी गहरा संबंध है—यह सब जर्मन शिक्षा-पद्धति से ही संभव हुआ. इससे भी अधिक व्यापक प्रभाव की बात थी विश्वविद्यालयों में विचार-स्वातंत्र्य की स्वीकृति.[2]

1. देखिये—द मडर्न यनिवर्सिटी में American universities in the 19th Century, by G. W. Pierson.

2. The German example of the free university, an institution where students could study when and what they pleased and where the professors seemed to be free to teach and to investigate, to lecture, to conduct seminars, publish, and compete with each other in the search after new knowledge.
—*Encyclopedia of Social Sciences, xiii, p. 330-334.*

परिणामत: उन्नीसवीं शती के मध्य विश्वविद्यालयों के स्नातक व्याख्यान-प्रणाली के स्थान पर प्राय: सेमिनार पद्धति से शिक्षण और ज्ञानवृद्धि में सहयोग करने लगे. प्राचीन भारत में शास्त्रार्थ-पद्धति भी उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों में चलती थी. ये विद्यार्थी अपने से नीचे की कक्षाएँ पढ़ाते थे. आचार्य इन विद्यार्थियों के शास्त्रार्थ का निरीक्षण करते और उन्हें उचित आदेश-निर्देश देते थे. इनमें से ही कुछ होनहार अध्येता विशिष्ट प्रकार की टीका, शास्त्र या स्थापना-प्रणयन कार्य में हाथ लगाते थे. शास्त्रार्थों के प्रभाव से प्रेरणा लेकर ग्रंथ-प्रणयन होता था. इस दृष्टि से संस्कृत साहित्य का अध्ययन करने से चित्र स्पष्ट हो सकता है. योरप में ऐसे सेमिनार प्राय: लिखित रूप में होते थे. इन्हीं लिखित प्रबंधों को बाद में संशोधित कर डिसर्टेशन (Dissertation) के नाम से प्रकाशित करने की प्रणाली चल पड़ी.

'जॉर्ज बनक्राफ्ट (George Bancraft) ने हार्वर्ड वि० वि० से १८१७ई० में और केवल १७ की आयु में स्नातकीय उपाधि प्राप्त की. इस विद्यार्थी ने अपनी असाधारण प्रतिभा से संभवत: प्रथम बार जर्मनी में तीन साल पढ़ने के लिये १७००० वार्षिक डालर की छात्रवृत्ति प्राप्त की थी. . . . इतिहास विषय में १८३८ई० महत्वपूर्ण वर्ष है. इस वर्ष हार्वर्ड वि० वि० ने मि० स्पार्क्स को प्रथम प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया था.'[1]

ऐंड्रू डी० वाइट नाम के अमेरिकन व्यक्ति ने भी जर्मनी से लौट कर ही मिचीगन वि० वि० में इतिहास संबंधी व्याख्यानों की परंपरा डाली. . . . . इसके विद्यार्थी चार्ल्स कैंडल आदम्स (Charles Candell Adams) ने १८६९ई० में इसी वि० वि० में पहली बार **सेमिनार** आरंभ किये. सेमिनार प्रणाली को हार्वर्ड वि० वि० में हेनरी आदम्स ने १८७२ई० में और जॉन हाप्किस वि० वि० से १८७६ ई० में हर्बर्ट वेब्स्टर्स आदम्स ने प्रचलित किया. पिछले दोनों अमेरिकन जर्मनी से शिक्षा ग्रहण कर लौटे थे. इन्हीं दोनों ने जर्मन संस्था **डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी** का सिलसिला अमेरिका में आरंभ किया. हेनरी आदम्स ने १८७६ई० में कई स्नातकों को हार्वर्ड वि० वि० द्वारा प्रथम बार पी-एच० डी० उपाधि से सम्मानित कराया. १८८०-१९०० ई०

1. The critical method in historical research and writing, by Homer Carey Hockett, 2nd ed. (1957), p. 229-230.

के मध्य हार्वर्ड के अतिरिक्त जॉन हॉप्किंस, कोलंबिया, मिचीगन तथा अन्य वि० वि० में भी उच्च शिक्षा के लिये **थीसिस** लेखन-पद्धति अनिवार्य आवश्यकता के रूप में विस्तार पाने लगी. जॉन हॉप्किस वि० वि० ने जिन सेमिनारों को प्रचलित किया उनका विशिष्ट ऐतिहासिक महत्व है. यहाँ से अमेरिका की शिक्षा-पद्धति में वास्तविक बुद्धिजीवी जीवन का श्रीगणेश हुआ. इनसे विद्यार्थियों को अनुकूल वातावरण के साथ-साथ आवश्यक आर्थिक चिंता से भी मुक्ति मिली.[1]

अब अमेरिका ग्रहण-बोध (Understanding), भविष्य की संभावना (Predict) और घटना विशेष की नियंत्रण शक्ति को अनुसंधान कार्य मानता है. ये तीनों तत्त्व घटना और भेद (Variables) का तारतम्य समझने में सहायक होते हैं. जहाँ घटना का अर्थ किसी अन्य संबंध से ही स्पष्ट होता है, उसी प्रकार भविष्य की प्रक्रिया को भी इतिहास के परिवेश में ही समझा जा सकता है. संक्षेप में—भेदों के संबंधों को समझने की शक्ति ही अनुसंधान-**शक्ति** है.[2]

प्रबंध-लेखन और इतिहास : देखा जा चुका है कि शोध-कार्य का आरंभ योरप के देशों में विज्ञान या इतिहास के क्षेत्र से हुआ. किन्तु यों भी शोधकार्य की अपनी निजी प्रक्रिया में ऐतिहासिक दृष्टि का महत्व निर्विवाद है. 'प्रत्येक शोधक, प्रत्येक विचारक मूल स्रोत की खोज करता है, और इस प्रकार वह, तथ्य खोजी इतिहासकार (Pragmatic historian) है. किसी भी पेचीदा मुकदमे की पकड़ के लिये, या किसी भी विशाल व्यापार के लिये मूल स्रोत का पता लगाना आवश्यक होता है.'[3]

पाद-टिप्पणी, संदर्भ-प्रणाली, ग्रंथपुटियों का निर्माण आदि शोध-साधन **इतिहास** के क्षेत्र में शोधकार्य से प्राप्त हुए हैं. भाषावैज्ञानिकों और इतिहासकारों ने ऐतिहासिक अध्ययन के लिए पाठ-विशेष के प्रत्यक्ष और तुलनात्मक अध्ययन से सत्य के निकट पहुँचने की पद्धति अपनाई.[4]

1. Encyclopadea of Socieal Sciences, Vol. xiii, p. 330-334.
2. Haindbook of research on teaching, by the American educational Research asociation, 2nd., (1963), p. 96.
3. Theodor Mommsen's Address at the University of Berlin in 1874.
4. Barzun : Modern Researcher (1957), p. 5.

इतिहास अन्य विषयों की तरह मात्र विषय विशेष नहीं है; यह किसी भी विषय को समझने की पद्धति भी है. किसी भी भूत का उपयोग इतिहास का उपयोग है. किसी भी विषय के प्रतिपादन के लिये उसकी पृष्ठभूमि हृदयंगम करना आवश्यक होता है. यह ऐतिहासिक प्रक्रिया से ही संभव है.

प्रबंध-लेखन का उद्देश्य : योजनाबद्ध रूप में शोध-विवरण लिखने की प्रवृत्ति कई कारणों से विकसित हुई है. इस प्रकार के अनुशासनपूर्ण कार्य के अनंतर अनुसंधित्सु से आशा की जाती थी कि वह अपने विषय का अच्छा ज्ञाता तो होगा ही, साथ ही वह विभिन्न आलोचना–शैलियों से परिचित होने के कारण उनका सम्यक् प्रयोग करने में भी सक्षम होगा. इस प्रकार के बहुत-से कार्यों से प्रायः अधिक स्पष्ट और संश्लिष्ट रूप के खड़े होने की आशा बनती है. इस प्रकार के कार्य-समूहों से अंत में जो चित्र बनता है वह अधिक स्थायी होता है और यह उपलब्धि व्यक्ति विशेष की मात्र प्रतिभा, परिश्रम या विचारधारा से उत्पन्न कृति से श्रेष्ठ भी होता है. श्री होमर केरे हौकट का यह कथन मननीय है कि "प्रबंध लेखों में सब श्रेष्ठ नहीं होते ; उनमें कुछ अपरिपक्व ही होते हैं और कुछ श्रेष्ठ होते हैं. कुल मिला कर पिछली पीढ़ियों में जो कुछ भी ऐसा कार्य हुआ है, उसकी तुलना में उससे भी पिछली पीढ़ी के बड़े से बड़े इतिहासकारों के कार्य कम महत्व के माने गए हैं. इन प्रयत्नों के संबंध में इतना तो कहा ही जा सकता है ये अधिक परिपक्व विद्वानों द्वारा आत्मसात् या प्रक्रियान्वित होकर किसी अन्य बड़ी या महत्व की इकाई में योग देते हैं. अच्छा से अच्छा शोधकार्य इतिहास का अंग मात्र है और इसकी सार्थकता अपने से किसी बृहत्तर उद्देश्य को पूरा करते हुए अपना व्यक्तित्व उसमें अर्पित करने में ही है".[1]

प्रबंधकर्ता की योग्यता : डॉ० उदयभानु सिंह ने अपनी कृति **अनुसंधान का विवेचन** में प्रबंधकर्ता की योग्यता के संबंध में अच्छा विवेचन किया है. योरपीय देशों में इस संबंध में कई प्रबंधविद्या विशारदों ने विशद रूप में लिखा है. यहाँ केवल श्री बार्जुन कृत **मॉडर्न रिसर्चर** से संक्षिप्त विवरण देना अनुपयोगी न होगा.

१. तथ्यों की आवश्यक परीक्षा करने की क्षमता प्रबंधकर्ता का पहला गुण है—यह कि प्रत्येक स्थापना या उद्धरण प्रामाणिक स्रोत से प्राप्त किया गया है.

1. Critical method of historical research (1957), p. 232.

२. प्रबंधकर्ता से आशा की जाती है कि वह पढ़ने, नोट लेने, तुलना करने, तथ्य की पुष्टि करने, अनुक्रमणिका बनाने या प्रतिलिपि करने के कार्य में क्रमबद्धता और एकरूपता का ध्यान रखता है या उसका अभ्यासी है. इस प्रकार के संयम से व्यर्थ के परिश्रम से छुटकारा मिलता है और संदेहमय त्रुटियों की संभावना कम होती है.

३. विचारों की तर्क-सम्मत व्याख्या की योग्यता प्रबंधकर्ता का विशिष्ट गुण है. तथ्य का उचित प्रयोग करने में प्रायः असावधानी हो जाती है. तर्क-सम्मत शैली से पूर्वाग्रह और अप्रामाणिक तथ्य आप से आप छँट जाते हैं. अनुशीलनकर्ता का काम तथ्यों या उद्धरणों की भरमार करना नहीं, प्रमाण को यथाक्रम बैठाना है.

४. सच्चाई का आग्रह प्रबंधकर्ता का जीवन है. ईमानदारी केवल इतनी ही नहीं कि प्रमाण खरे हैं, उन प्रमाणों या आधारों का उपयोग भी शुद्ध अन्वेषण की दृष्टि से ही करना आवश्यक है. बुद्धि-वैभव का सच्चा उपयोग चमत्कार प्रदर्शन में नहीं, विचार-शक्ति को सत्य की मैत्री से बाँधे रखने म है.

५. चतुर्दिक् फैली ज्ञानराशि से केवल मतलब की बात छाँट लेना भारी कौशल का काम है. अपनी सीमा-क्षमता में स्व-चैतन्य (Self awareness) का उचित उपयोग ही वास्तविक अनुशीलन क्षमता है.

६. रचना-कौशल में कल्पना-शक्ति की संपत्ति सदैव उपयोगी सिद्ध हुई है. किसी भी कृति को उपयोगी बनाने से आगे बढ़ कर उसे सुंदर और प्रभावशाली बनाने में कल्पना-गुण ही काम आता है. यह कल्पना ही है जो तथ्यों की भीड़ या सामग्री की अतिव्याप्ति से लेखक को ऊपर उठा कर संतुलन, क्रमबद्धता और स्फूर्ति देती है. किसी भी कृति को अवयवीय एकता (Organic unity) देने का काम कल्पना से सम्पन्न होता है. संभवतः यह कहने की आवश्यकता नहीं कि अनुशीलन कार्य में प्रयुक्त कल्पना कवि-कल्पना से भिन्न है.

भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुशीलन-कार्य : कलकत्ता, बंबई और मद्रास में पहली बार १८५७-५८ ई० में विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई. भारतीय विश्वविद्यालयों की स्थापना और विस्तार का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है. शून्यांकित विश्वविद्यालयों में हिंदी-शोधकार्य हो रहा है. सन् १९६० के अनंतर भी कुछ वि० वि० स्थापित हुए हैं, उन्हें भी यहाँ दिखलाया जा रहा है.

भारत के विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय	वर्ष
०कलकत्ता	१८५७
०बंबई	१८५७
०मद्रास	१८५७
०इलाहाबाद	१८८७
मैसूर	१९१६
०हिंदू	१९१६
०पटना	१९१७
०उस्मानिया, हैदराबाद	१९१८
०अलीगढ़	१९२१
०लखनऊ	१९२१
०दिल्ली	१९२२
०नागपुर	१९२३
आंध्र, वाल्टेअर	१९२६
०आगरा	१९२७
अन्नमलाइ	१९२९
केरल, त्रिवेंद्रम्	१९३७
उत्कल, कटक	१९४३
०सागर	१९४६
०पंजाब, चंडीगढ़	१९४७
०राजस्थान, जयपुर	१९४७
गोहाटी	१९४८
जम्मू-कश्मीर, श्रीनगर	१९४८
०बड़ौदा	१९४९
गुजरात, अहमदाबाद	१९४९
०पूना	१९४९
कर्नाटक, धारवाड़	१९४९
रुड़की	१९४९
महिला, बंबई	१९५१
०विश्वभारती, शांतिनिकेतन	१९५२
०बिहार, मुजफ्फरपुर	१९५२
वेंकटेश्वर तिरुपति	१९५४
जादवपुर, कलकत्ता	१९५५
वल्लभभाई, आनंद	१९५५
इंदिरा कला-संगीत, खैरागढ़	१९५६
०कुरुक्षेत्र	१९५६
०गोरखपुर	१९५७
०जबलपुर	१९५७
०विक्रम, उज्जैन	१९५७
वाराणसेय संस्कृत, वाराणसी	१९५८
मराठवाड़ा, औरंगाबाद	१९५९
उ० प्र० कृषि, इलाहाबाद	१९६०
दरभंगा	१९६०
बर्दवान	१९६०
०भागलपुर	१९६०
०राँची	१९६०
कल्याणी, बंगाल	२९६१
पंजाब कृषि, लुधियाना	१९६१
पंजाबी, पटियाला	१९६१
रवींद्र भारती, कलकत्ता	१९६१
उड़ीसा कृषि और तकनीकी, भुवनेश्वर	१९६२
मगध, बोध गया	१९६२
राजस्थान कृषि, उदयपुर	१९६२
शिवाजी, कोल्हापुर	१९६२

भारत में विद्यालयों की स्थापना और साहित्य, कला एवं विज्ञान की उच्च शिक्षा की पाश्चात्य प्रणालियों को जन्म देने का श्रेय ब्रिटिश जाति को है. १८७५ ई० के २१ वें एक्ट के अनुसार किसी भी व्यक्ति को बिना परीक्षा लिये बी० ए०, एम० ए० की उपाधियाँ देने का अधिकार कलकत्ता

वि० वि० को था. किन्तु निकट भविष्य में ही इस प्रकार की उपाधियाँ नियमित रूप से पढ़ कर और परीक्षा द्वारा ही प्राप्त की जा सकती थीं. मद्रास वि० की सीनेट के सदस्य वि० **भाष्यम् आय्यंगार** ने सम्मानीय उपाधियाँ (डी० लिट्० आदि) देने का समर्थन करते हुए कहा था कि यह सम्मान देशी भाषाओं के पंडितों को भी मिलना चाहिये. फरवरी १८८३ ई० में लिखे इस पत्र के अनुसार सम्मानीय उपाधियों के लिये १८८४ ई० का कानून बना. इसके अनुसार भारतीय विश्वविद्यालयों में सम्मानीय डॉक्टरों की परंपरा चली. पंजाब वि० के १८८२ई० के १९वें एक्ट के अनुसार भी उन व्यक्तियों को सम्मानित करने की व्यवस्था थी जिन्हें असाधारण योग्यता का व्यक्ति समझा जाता था. किन्तु **ओरियंटल पंडित** को संमानित करने का सिलसिला १८८४ ई० के कानून से चला.[1]

भारतीय विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषाओं की उच्च शिक्षा की व्यवस्था का सिलसिला **कलकत्ता विश्वविद्यालय कमीशन, १९१७ई०** के बाद शुरू हुआ. इससे भी पूर्व सर आशुतोष मुखोपाध्याय ने १९०७ से १९११ ई० के मध्य कई दीक्षांत तथा अन्य भाषणों में स्पष्ट रूप से कहा था कि अपने देश में उच्च शिक्षा केवल विज्ञान और विदेशी भाषाओं के अतिरिक्त देश की भाषाओं में भी होनी चाहिये. इस प्रकार की व्यस्था से ही ये विश्वविद्यालय सार्थक कहे जा सकेंगे. परिणाम स्वरूप उपर्युक्त कमीशन के सुझाव पर कलकत्ता विश्वविद्यालय ने १९१७ में 'मॉडर्न इंडियन लैंग्वेज़' विभाग की स्थापना की. इस विभाग ने बंगला के साथ हिंदी आदि के पठन-पाठन की व्यवस्था की. तदनंतर हिंदी भाषा और साहित्य के अध्यापन की व्यवस्था इलाहाबाद और हिंदू विश्वविद्यालय में हुई. आरंभ में भारतीय भाषाओं को पढ़ाने का माध्यम अंग्रेजी भाषा ही थी. हाईस्कूल तक में प्रत्येक विषय के प्रश्न–पत्र अंग्रेजी में बनते थे. यह स्थिति भी १९३०ई० के आसपास बदल गई. भारतीय भाषाओं की उच्च शिक्षा और शिक्षा-माध्यम भी देशी भाषाको बनाने का उत्साह संभवतः सबसे पहले उस्मानिया विश्वविद्यालय ने दिखलाया.[1] इस विश्वविद्यालय (१९१८) की स्थापना के मूल में ही यह मंत्र शिलान्यस्त था.

नियमानुसार प्रबन्ध लिख कर किस भारतीय भाषा में पहला डॉक्टर हुआ? भूमिका लिखने के समय प्राप्त सूचनाओं के आधार पर

1. Selections from educational records. Published by National archives, New Delhi. 1963. Page 437

यह बतलाना कठिन है. १९१०ई० में टैसीटोरी कृत रामचरितमानस और वाल्मीकि के तुलनात्मक अध्ययन का उल्लेख हो चुका है. डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी को लंदन विश्वविद्यालय ने १९२१ई० में **बंगला भाषा का विकास** पर पी-एच० डी० उपाधि दी. इसी वर्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय ने श्री रामतनु लाहिरी छात्रवृत्ति के अन्तर्गत श्री तमोनाशचंद्र दासगुप्त को श्री दीनेशचंद्र सेन के साथ **प्राचीन बंगला साहित्य में बंगाली समाज** (Aspects of Bengali Society from old Bengali literature) विषय पर कार्य करने की स्वीकृति दी. अपने देश के ही विश्वविद्यालय द्वारा और देशी भाषा के अनुशीलन के क्षेत्र में यह संभवत: प्रथम शोध-प्रबंध है. इस प्रबंध पर पी-एच० डी० उपाधि मिली थी. आजकल यह विश्वविद्यालय **डी० फ़िल्०** प्रदान करता है—**पी-एच० डी०** नहीं.

मराठी भाषा और साहित्य पर भी प्रथम कार्य का श्रेय फ्रांस के विख्यात विद्वान ज्यूल ब्लाख ने **मराठी भाषेचा विकास** (La formation de la langue Marathi) पर १९१४ई० में **डी० लिट्०** प्राप्त कर लिया. इस ग्रंथ का मराठी अनुवाद १९४१ई० में प्रकाशित हो चुका है. १९३५ई० में बंबई विश्वविद्यालय ने श्री पुरुषोत्तम गणेश सहस्त्रबुद्धे को स्वभावलेखन (१८६१-१९३८ई० तक के गल्प-उपन्यास-नाटक साहित्य के पात्रों का चरित्र–चित्रण) पर पी-एच० डी० दी. यह संभवत: भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मराठी साहित्य पर प्रथम प्रबंध है. पुस्तक पूना, समर्थ भारत ने १९३८ ई० में प्रकाशित की. इसी वि० वि० ने श्री माधव त्र्यंबक पटवर्धन को (१८९४-१९३९) १९३८ई० में डी० लिट्० का सम्मान छंदोरचना विषय पर दिया. १९४८ई० में मु० वरदराजन् मद्रास वि० से तमिल अध्ययन पर पी-एच० डी० पाने वाले प्रथम व्यक्ति हैं.

विश्वविद्यालय शिक्षण में अनुसंधान कार्य के महत्व और उसकी वर्तमान स्थिति पर मुझ जैसे अनधिकारी और क्षेत्रबाह्य व्यक्ति के लिये कुछ कहना संभवत: युक्त नहीं है. यों भी भारतीय विश्वविद्यालयों के अनुसंधान-स्तर के संबंध में यों ही बोल देना अहितकर ही है. किन्तु इस सिलसिले में दिसंबर १९४८ई० से लेकर अगस्त १९४९ की विश्वविद्यालय शिक्षा (के संबंध में विवरण प्रस्तुत करने वाली) समिति की रिपोर्ट को यहाँ संक्षेप में देना उपयोगी होगा. समिति के विचार में :—

Provision for advanced study must be recognized as an integral part of our academic system (p. 141).

As long as our universities were of an affiliating type, only a few individual scholars at isolated colleges conducted research on their own lines, sometimes with admirable results and some of them deeply inspired their pupils, for example, Sir R. G. Bhandarkar at Poona, Sir Ganganath Jha at Allahabad, Prof. Kuppuswami Sastri at Madras, Sir J. C. Bose and Sir P. C. Ray at Calcutta, Colonel J. Stephenson and Prof. S. R. Kashyap at Lahore. ...... But no organized attempt was made to train students in methods of research and to develop schools of research at any university. It was only in 1941 that Sir Ashutosh Mukherji founded the first post-graduate departments at the Calcutta University and placed post-graduate training and research there on a proper footing. Promising scholars from all parts of India were appointed to professional chairs and in a few years Calcutta had produced research work of a high quality, but in the humanities and science. ...... After the first World War several new universities started post-graduate training and research from their very begining. ...... These new schools attracted a number of young and promising teachers who organized research and raised the level of post-graduate teaching at several university centres. The degrees of Ph. D., D. Litt., and D. Sc. were instituted and were awarded to students on successful completion of their researches. A number of professors fulfilled their promise of leadership in research and their work brought them international recognition, like the nobel prize, the fellowship of the British academy, the fellowship of the Royal Society, or the higher Doctrate degrees of Oxford and Cambridge. It may rightly be said that both in quality and quantity the level of scientific research was at its best in Indian universities between the years 1920-1945. (p. 145).

Although post-graduate training and research in the universities have made substantial progress during the last twenty five years, to any one acquanted with the universities,

it is clear that the amount of research done either by teachers or by research students does not approach what it should be.......

Unfortunately there are signs of a steady decline in the quality and quantity of research at our universities. There are several causes, but the most important is that most of the leaders of research in different fields have either left the universities, or at the verge of retirement and the universities have not been able to find suitable successors to continue the research tradition. (p. 147).

We recommend that the universities should assist in the publication of really good work by financial aid. ...... Research should be primarily, if possible, the sole work of the holders of these fellowships and not a mere adjunct to a life consumed in teaching. (p. 151).

That research is as important a function of a university as teaching has not been adequately realized by teachers and university administrators in our country. Some of the university teachers who do not care to look after their intellectual health try to justify their laziness by subscribing to the dictum that research is not an integral part of university work—it is a mere luxury. One of the teacher witnesses frankly confessed to us that the reason for inadquate amount of research by teachers in our universities was that we were a lethargic people, and one of the vice-chancellors also testified that the reason for stagnation amongst teachers was not so much lack of opportunities in the way of library and laboratory facilities as sheer unwillingness to put in hard work and learn more. (p. 152).

University teachers should not forget that their's is a priviledged life, they have leisure and a life of tranquility—the two essentials for research ; they are largely sheltered from the battle of life, having a security of tenure nowhere obtainable in

a business house or an industrial concern or in a political life. They should give the community, in grateful acknowledgement for their priviledges, punctuality, efficiency and devotion to duty in relation to their teaching work, and germ of new ideas and newer methods in relation to their research work. They should not only impart existing knowledge, but should be, in a real sense, creators of new knowledge. (p. 152).

कृतज्ञता-ज्ञापन

इस छोटी-सी पुस्तक को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में हाथ बँटाने वाले साथियों, सूचना देने वाले विद्वानों और प्रोत्साहित करने वाले अग्रजों की संज्ञा–सूची काफ़ी बड़ी है, इतनी बड़ी कि मैं अनुग्रह करने वाले सदस्यों को भूल जाने के भय से मुक्त नहीं हूँ. सबसे पहले अपने साथी श्री अविनाश माहेश्वरी को स्मरण करता हूँ जो मुझे प्रबंध-सूची से ग्रंथपुटी स्तर तक परिश्रम करने के लिये निरंतर तंग करते रहे और अंत में कलकत्ता से बंबई जाकर और भी अतिरिक्त सूचनाएँ दीं. कलकत्ता वि० वि० के हिंदी विभाग के अध्यक्ष श्री कल्याणमल लोढ़ा और श्री विष्णुकांत शास्त्री, हिंदी इन्स्टिट्यूट के श्री उदयशंकर शास्त्री, हिन्दी संग्रहालय, प्रयाग के श्री वाचस्पति गैरोला, प्रयाग वि० वि० के प्राध्यापक श्री हरदेव बाहरी, नागपुर वि० वि० के हिंदी विभाग के अध्यक्ष श्री कमलाकांत पाठक ने सूचनाएँ देकर या उनमें संशोधन–परिवर्धन कर उपकृत किया. ठीक मुद्रण-कार्य के समय लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रध्यापक डॉ० विपिनबिहारी त्रिवेदी ने **विश्वविद्यालयानुसार विवरण** में अपने विश्वविद्यालय की सूची ठीक कर तथा १९६३ ई० में डी० लिट्० की एक प्रविष्टि बढ़ा कर महती कृपा की. बंबई विश्वविद्यालय की सूचनाएँ डॉ० प्रबोधनारायण सिंह और डॉ० बंशीधर पंडा ने दीं. भारतीय विश्वविद्यालयों में, विशेषकर मराठी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में प्रबंध-लेखन कार्य के संबंध में मुझे अपने मित्र श्रीकृष्ण बापूराव जोशी से महत्वपूर्ण संकेत मिले. भाई श्री महादेव साहा ने संपूर्ण भूमिका पढ़कर कई शोधन परामर्श दिये. श्री नारायण बालकृष्ण मराठे ने भूमिका-भाग का अंतिम प्रूफ देखा, औरउपयोगी सुझाव दिये.

मुद्रण-कार्य और प्रविष्टियों की रूपाकार शैली निर्धारित करने में मुझे अपने साथी श्री चिंतामण वामन दातार, श्री एम० एन० नागराज और श्री कात्तिकचंद्र दत्त से अमूल्य सहयोग-परामर्श प्राप्त हुआ है.

कलकत्ता के राष्ट्रीय ग्रंथालय, बड़ा बाजार कुमार सभा पुस्तकालय और सूरजमल जालान पुस्तकालय ने मुझे अपेक्षित सहयोग दिया है. पिछले दोनों पुस्तकालयों के पुस्तकाध्यक्षों ने कभी-कभी असमय में भी पुस्तकालय खोल कर मेरा उपकार किया है. इस धृष्टता के लिये मैं संभवतः क्षमा-याचना का भी अधिकारी नहीं.

आर्यावर्त्त प्रकाशन के स्वामी श्री रामनिवास ढंढारिया ने तो अपना प्रेस ही मेरे हवाले कर दिया. प्रेस के कंपोजीटर से लेकर फोरमैन महोदय तक को कई बार विपत्ति में डालने का अपराध किया. ऐसी स्थिति में क्षमा-याचना के स्थान पर यह कहना ही उचित होगा कि भविष्य में मैं ऐसी अनधिकार चेष्टा न करूँ. किन्तु श्री रामनिवास जी जैसा प्रकाशक, प्रभु करे, सबको अवश्य मिले.

इस पुस्तक में कुछ त्रुटियाँ और अभाव हैं. ये मुझे तकनीकी दृष्टि से और यों भी बहुत अखर रहे हैं. वि० वि० से प्राप्त सूचनाओं में भी वर्तनी (स्पैलिंग) अंग्रेजी में मिली, वह भी कहीं कहीं अपूर्ण या अस्पष्ट. आशा है कि साहित्य-विदग्ध पाठक इसी दृष्टि से मेरी अज्ञता को बाद देंगे और मुझे भविष्य के संस्करण के लिये साधन-संपन्न करेंगे.

रामनवमी २०२१

—**कृष्णाचार्य**

वर्गानुसार स्वीकृत प्रबंध-विवरण
१६१०–१६६२

[५५५ प्रबंध वर्गातर्गत वर्षक्रम से व्यवस्थित हैं. प्रकाशित प्रबंधों के मूल्य और पृष्ठ संख्या सहित विवरण दिये गये हैं. प्रबंधकार का नाम ग्रंथ पर मुद्रित रूप के अनुसार प्रविष्ट है और नाम का शेष भाग कोष्ठकबद्ध है. प्रबंधकार का जन्म-वर्ष देने का प्रयत्न किया गया है. प्रत्येक प्रविष्टि के दक्षिण-कोण में वि० वि० सहित उपाधि-वर्ष अंकित है. यहाँ केवल **डी० लिट्०** उपाधि का उल्लेख है. इलाहाबाद और कलकत्ता वि० वि० **डी० फ़िल्०** और शेष वि० वि० **पी-एच० डी०** उपाधि प्रदान करते हैं. वर्ग विशेष से संबद्ध अन्य ग्रंथों की जानकारी के लिए आंतर-संदर्भ (Cross reference की व्यवस्था है.]

वर्गानुक्रम

साहित्यकार-व्यक्ति विशेष

साहित्यकार—समुदाय विशेष

साहित्य-शास्त्र

● विशेष—अंक प्रविष्टि-संख्या सूचक हैं.

मुद्रणोत्तर प्राप्त सूचनाएँ

वर्गानुसार स्वीकृत-प्रबंध-विवरण मुद्रित होने के अनंतर प्राप्त प्रकाशित प्रबंधों का प्रकाशन-विवरण निम्नांकित है. कृपया प्रविष्टि-संख्याओं के सामने लिखे प्रकाशकों के नाम यथास्थान भर लें.

१९६३ ई० में प्रकाशित

प्रविष्टि-संख्या	प्रकाशक
१५	आत्माराम, दिल्ली
१९१	साहित्य निकेतन कानपुर
२०८	चौखंबा विद्याभवन, वाराणसी
२४६	आत्माराम, दिल्ली
३९०	हिंदू वि० वि०
४०१	लखनऊ वि० वि०
४५३	हिंदू वि० वि०

१९६४ ई० में प्रकाशित

प्रविष्टि-संख्या	प्रकाशक
१४७	हिंदू वि० वि०
३४६ख	अशोक प्रकाशन, दिल्ली
४३२	राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर

शुद्धिपत्र

प्रविष्टि संख्या	अशुद्ध	शुद्ध
१८क	शुमकार(नाथ)कपूर	शुभकार(नाथ)कपूर, १९३५-
११३	अष्टभुजप्रसाद	अष्टभुजाप्रसाद
१२३	हिन्दी महाकवियों में	हिन्दी महाकाव्यों में
१५१क	यह प्रविष्टि निकाल दें	
१५५	अष्ठा	आष्टा
१८१च	१९६२, आगरा वि०	१९६२, पंजाब वि०
२१४	रामसिंह ...ज्ञानवादी...	रामसिंह (चौहान) ...जनवादी...
२८८	शिवा भार्गव	शिव भार्गव
४२५	बद्रीप्रसाद परमार	श्याम (बद्रीप्रसाद) परमार

साहित्यकार : व्यक्ति विशेष

अब्दुर्रहीम खानखाना

अमरबहादुर सिंह १

अब्दुर्रहीम खानखाना—जीवनी और कृतियाँ. झाँसी, साहित्य सदन, १९६१. viii,४३६पृ०, २०से०. १०.००

इतिहास विभाग से. १९५२, लखनऊ वि०

अयोध्यासिंह उपाध्याय

मुकुन्ददेव शर्मा, १९१८— २

हरिऔध : जीवन और कृतित्व. वाराणसी, नन्दकिशोर ब्रदर्स, १९६१. xxx,५३२,१८पृ०, २२से०. १०.००

१९६०, गोरखपुर वि०

नारायणदास गुप्त २क.

अयोध्यासिंह उपाध्याय : काव्य, कला और आचार्यत्व.

१९६२, आगरा वि०

आलम

सरनदास भणोत ३

श्याम सनेही या आलम.

१९५२, पंजाब वि०

कबीरदास

के, एफ० ई०, १८७९— ४

कबीर ऐंड हिज फॉलोअर्स. कलकत्ता, ऑक्सफोर्ड यूनियन प्रेस, १९३१. viii,१८६पृ०,१८से०. ४.५०

F. E. Keay. Wesleyan Mission Press, मैसूर से मुद्रित.

१९३१, लंदन वि०

गोविन्द त्रिगुणायत, १९२४— ५

कबीर की विचारधारा. कानपुर, साहित्य निकेतन, १९५२. ४६९पृ०, १८.५से०. ६.००

१९५१, आगरा वि०

पारसनाथ तिवारी ६

कबीर-ग्रन्थावली. प्रयाग, प्रयाग वि० वि०—हिन्दी परिषद्, १९६१.
xxiv, ३१०पृ०, २२से०. १२.००
पाठ-सम्पादन.

१९५७, इलाहाबाद वि०

गिरीशचन्द्र तिवारी ७

कबीर के बीजक की टीकाओं की दार्शनिक व्याख्या.

१९५८, हिन्दू वि०

रामजीलाल सहायक, १९१८ ८

कबीर के दार्शनिक विचारों का अध्ययन.

१९६०, लखनऊ वि०

केदारनाथ दुबे ८क

कबीर और कबीर-पन्थ का तुलनात्मक अध्ययन.

१९६२, आगरा वि०

और देखिये—१८१, १८२

किशोरीलाल गोस्वामी

कृष्णा नाग ९

श्री किशोरीलाल गोस्वामी के उपन्यासों का वस्तुगत और रूपगत विवेचन.

१९६०, आगरा वि०

महेन्द्रनाथ मिश्र १०

किशोरीलाल गोस्वामी : जीवनी और कृतियाँ.

१९६१, लखनऊ वि०

केशवदास

हीरालाल दीक्षित, १९२५— ११

आचार्य केशवदास. लखनऊ, लखनऊ वि०—हिन्दी विभाग, १९५४.
ix, ४३१पृ०, २४.५ से० ९.००

१९५०, लखनऊ वि०

किरणचन्द्र शर्मा, १९१७– १२

केशवदास—जीवनी, कला और कृतित्व. दिल्ली, भारतीय साहित्य मन्दिर, १९६१. ५५४पृ०,२२से०. १५.००

मूल : केशवदास—उनके रीतिकाव्य का विशेष अध्ययन.

१९५७, पंजाब वि०

विजयपाल सिंह, १९२३— १३

केशव और उनका साहित्य. दिल्ली, राजपाल,१९६१. xvi,३९४,२पृ०, मुखचित्र,२२से०. १२.००

'यत्किंचित परिवर्तित रूप'

१९५८, अलीगढ़ वि०

गार्गी गुप्ता, १९२९— १४

रामकाव्य की परम्परा में रामचन्द्रिका का विशेष अध्ययन.

१९५९, दिल्ली वि०

और देखिये–४९ख

गोरखनाथ

रांगेय राघव, (टी० एन० बी० आचार्य), १९२३–१९६२. १५

श्री गुरु गोरखनाथ और उनका युग.

१९४८, आगरा वि०

गोविन्द ठाकुर

बद्रीनारायण झा १६

गोविन्द ठाकुर और उनका काव्य.

१९६२, बम्बई वि०

गोविन्दसिंह, गुरु

प्रसिन्नी सहगल, १९२७— १७

गुरु गोविन्दसिंह की जीवनी और कृतित्व का अध्ययन.

१९६१, लखनऊ वि०

घनानन्द

मनोहरलाल गौड़, १९१८— १८,

घनानन्द और स्वच्छन्द काव्यधारा. वाराणसी, नागरी प्रचारिणी सभा १९५८. xxviii,४७७पृ०,२२से०. (ना०प्र० ग्रंथमाला, ५४). ८.००

१९५४, आगरा वि०

शुमकार (नाथ) कपूर **१८क**
चतुरसेन शास्त्री के उपन्यासों का अध्ययन.
१९६२, लखनऊ वि०

चन्द बरदायी

विपिनबिहारी त्रिवेदी, १९१५— **१९**
चन्द बरदायी और उनका काव्य. प्रयाग, हिन्दुस्तानी एकेडमी, १९५२. iv,३७६पृ०,२४से०. ८.००
१९४८, कलकत्ता वि०

नामवर सिंह, १९२७— **२०**
पृथ्वीराज रासो की भाषा. वाराणसी, सरस्वती प्रेस, १९५६. २९१पृ०, २१से०. ६.००
१९५६, हिन्दू वि०

बेनीप्रसाद शर्मा **२१**
पृथ्वीराज रासो का अध्ययन : लघुतम पाठ के आलोचनात्मक सम्पादन सहित.
१९५८, पंजाब वि०

कृष्णचन्द्र अग्रवाल, १९३४— **२२**
पृथ्वीराज रासो के पात्रों की ऐतिहासिकता
१९६१, लखनऊ वि०

जगन्नाथदास 'रत्नाकर'

विश्वम्भरनाथ भट्ट, १९१५— **२३**
रत्नाकर : उनकी प्रतिभा और कला. दिल्ली, पुस्तक सदन, १९५७. x,३८३,२पृ०,२१से०. ९.००
१९५२, आगरा वि०

जयशंकर 'प्रसाद'

जगन्नाथप्रसाद शर्मा, १९०५— **२४**
प्रसादके नाटकों का शास्त्रीय अध्ययन. ३ रा सं०. बनारस, सरस्वती मन्दिर, १९४९. ३०९पृ०,२१से०. ५.५०
डी० लिट्०, १९४३, हिन्दू वि०

प्रेमशङ्कर, (तिवारी) १९३०— २५
प्रसाद का काव्य. २रा सं०. प्रयाग, भारती भंडार,१९६१. xii,५३२ पृ०,२१.५से०. १२.००
१ला सं० १९५५.

१९५३, सागर वि०

